बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

सं0सं0–9/आ0–03–29/2024(स्वा0) .... /पटना, दिनांकः–..

डॉ० खुशबु कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (स्त्री रोग), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बंदरा, मुजफ्फरपुर के विरूद्ध दिनांक–09 12.2021 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में विभागीय संकल्प सं०–990(9) दिनाक–15.09.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। सचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जॉच–प्रतिवेदन (अधिगम) में आरोप को प्रमाणित होने का मंतव्य दिया गया।

2. विभागीय पत्रांक–443(9) दिनांक–27.06.2024 द्वारा डॉ० कुमारी से लिखित अभ्यावेदन की मॉग की गयी। जिसके आलोक में उनके द्वारा प्रत्युत्तर समर्पित कर अवगत करायी गयी कि उनके पति AIIMS पटना में न्यूरोलॉजी विभाग मे कार्यरत है। उनके बच्चे अभी छोटे है। वे पुन. दिनांक–13.10.2025 को अभ्यावेदन समर्पित कर अवगत करायी कि उनकी पारिवारिक स्थिति सामान्य हो गयी है। डॉ० कुमारी द्वारा पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान करने की इच्छा व्यक्त की गयी।

3. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा डॉ० कुमारी के अभ्यावेदन की सम्यक् समीक्षा की गयी। सम्यक् समीक्षोपरान्त डॉ० कुमारी का पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान स्वीकार करने का विनिश्चय किया गया।

4. डॉ० खुशबु कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (स्त्री रोग), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बंदरा, मुजफ्फरपुर को निदेशित किया जाता है कि आदेश निर्गत की तिथि से एक पक्ष के अन्दर सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर के समक्ष योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगी।

5. सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर डॉ० कुमारी का पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान स्वीकार करते हुए कार्य लेना सुनिश्चित करेंगे।

6. डॉ० कुमारी के अनधिकृत अनुपस्थिति अवधि के संबंध में विभागीय संकल्प सं०–990(9) दिनांक–15.09 2023 द्वारा सचालित विभागीय कार्यवाही के फलाफल पर निर्णय लिया जाएगा।

7. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह0/–
(उपेन्द्र राम)
सरकार के अवर सचिव।

Email

ज्ञापांक–9/आ०–03–29/2024(स्वा0) 202(9)/ पटना, दिनांकः–19.02.26

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।
19/02/2026

Email

ज्ञापांक–9/आ०–03–29/2024(स्वा0) 202(9)/ पटना, दिनांकः– 19.02.26

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर को निदेशित किया जाता है कि डॉ० खुशबु कुमारी के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

प्रतिलिपिः–डॉ० खुशबु कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (स्त्री रोग), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बंदरा, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय स्वास्थ्य मत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव/संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एव 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट मे प्रकाशनार्थ प्रेषित।

19/02/2026

सरकार के अवर सचिव।